लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर भोपाल–462021
दूरभाष–0755–2600115
www.educationportal.mp.gov.in, www.shikshaportal.mp.gov.in

क्र./ समग्र/समेकित छात्रवृत्ति वितरण/2020/45 भोपाल,दिनांक 25/02/2021

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, म.प्र.
2. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश
4. समस्त सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिवासी विकास/अनुसूचित जाति कल्याण, समस्त जिले म.प्र.

विषयः–माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सिंगल क्लिक पर शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति राशि वितरण कार्यक्रम ।

1/ विषयांतर्गत कल दिनांक 26.02.2021 को अपरान्ह 4:30 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा समग्र छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि का अंतरण राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा ।

2/ योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में "सिंगल क्लिक" के माध्यम से ट्रान्सफर की जाएगी। इस हेतु सभी विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन की गयी है।

3/ विभिन्न जिलों में शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के स्तर पर विद्यार्थी तथा शैक्षणिक स्टाफ कार्यकम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस हेतु वेबलिंक पृथक से प्रेषित की जाएगी।

4/ शाला में सम्मिलित होने वाले हितग्राहियों के अतिरिक्त शेष समस्त विद्यार्थी जो कोविड परिस्थितयों के कारण शाला नहीं पहुंचे हैं, वे अपने स्थान से कार्यक्रम में सहभागिता कर सकेंगे। हितग्राही विद्यार्थी जिस विद्यालय के छात्र हैं, उस विद्यालय के प्राचार्य उनके विद्यालय के विद्यार्थियों को इस वर्चुअल कार्यकम में सहभागिता हेतु संचालनालय द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्यकम की वर्चुअल वेबलिंक को उपलब्ध कराएँगें एवं इस कार्यकम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

5/ NIC तथा शाला स्तर पर होने वाले कार्यकमों में गृह विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्थाएँ की जाए। विशेषतः कार्यकम स्थल का सेनेटाइजेशन, फिजिकल डिस्टेंसिग तथा मास्किग का विशेष ध्यान रखा जाए। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित प्राचार्य द्वारा स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक समन्वय किया जाए। वेबलिंक पृथक से सूचित की जा रही है।

(जयश्री कियावत)
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

पृ0 क्रमांक/समग्र/समेकित छात्रवृत्ति वितरण/2021/46 भोपाल, दिनांक 25.02.2021

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. विशेष सहायक, मान. राज्यमंत्रीजी (स्वतंत्र प्रभार), स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग/जनजातीय कार्य विभाग/अनुसूचित जाति कल्याण विभाग/पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण/विमुक्त घुमक्कड एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र., भोपाल।
6. संभागीय आयुक्त, समस्त संभाग, म.प्र.।
7. राज्य सूचना एवं विज्ञान अधिकारी विंध्यांचल भवन भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र.।
9. समस्त जिला सूचना अधिकारी एनआईसी म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संचालक

लोक शिक्षण संचालनालय